# बिहार विधान परिषद

(198वां मानसून सत्र)

# 27 जुलाई 2021

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 17**

----

## चिकित्सीय दस्तावेज

***1 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या सरकार लोकहित में महामारी एवं अन्य गंभीर बीमारियों के बढ़ते जोखिम के कारण राज्य के प्रत्येक नागरिक को अच्छी स्वास्थ्य-सेवा प्रदान करने हेतु डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड (Digital Heath Card) का प्रावधान करना चाहती है जिसमें संबंधित व्यक्ति के रोग-विज्ञान संबंधी सारे चिकित्सीय दस्तावेज विस्तृत रूप में एक ही जगह उपलब्ध हो, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चापाकल खराब

***2 मो. फारूक (विधान सभा):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले में लगभग पांच वर्षों से नब्बे (90) प्रतिशत चापाकल खराब पड़ा है जिसके कारण आमजनों को पेयजल की असुविधा हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शिवहर

जिला के सभी खराब चापाकल की मरम्मती कराकर उसे पुनः चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## अतिक्रमण हटाने पर विचार

*3 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखंड के अधीन रैयाम में निरीक्षण भवन के पूरब दीवाल के बगल में चार कट्ठा जमीन लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जमीन पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा झोपड़ी बना दिया गया है जिसके चलते आम जनता के साथ-साथ निरीक्षण भवन में रहने वालों को काफी कठिनाई होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जमीन पर से अतिक्रमण हटाने का विचार कबतक रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा

*4 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि कोरोना संक्रमण के दूसरी लहर में बड़ी संख्या में संक्रमित मरीजों की मौत हुई है जिसमें से 30 % से अधिक की मौत आई.सी.यू. में इंफेक्शन की वजह से हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि आई.सी.यू. में बेहतर हाइजीन मेंटेन तथा इस्तेमाल उपकरणों को ठीक से स्टेरिलाइज किया जाता तो कई जानें बचायी जा सकती थीं;

(ग) क्या यह सही है कि संक्रमितों की अधिक मौतों की वजह ऑक्सीजन की कमी तथा रोग की गंभीरता पहचानकर तत्काल आई.सी.यू. वेंटिलेटर मुहैया कराने में विफलता भी रही;

(घ) क्या यह सही है कि उपरोक्त तथ्यात्मक बातें पटना एम्स के डॉक्टरों ने 'कोरोना परिपेक्ष्य में क्रिटिकल केयर' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत

कही हैं जिसमें स्वयं स्वास्थ्य मंत्री जी भी उपस्थित थे;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि भविष्य में ऐसी त्रुटियां तथा लापरवाही ना हो जाए को ध्यान में रखेगी तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएगी?

----

## डॉक्टर की नियुक्ति

*5 **श्री संजय प्रकाश (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि इस वर्ष 8500 डॉक्टरों की नियुक्ति करने की योजना थी;

(ख) क्या यह सही है कि केवल 650 डॉक्टर ही मई महीने तक नियुक्त हो सके हैं;

(ग) क्या यह सही है कि डब्ल्यू.एच.ओ. के अनुसार एक हजार राष्ट्रीय स्तर पर 1456 की जनसंख्या पर एक डॉक्टर जबकि बिहार में 28391 पर एक डॉक्टर है;

(घ) बिहार WHO या देश के अनुसार हो सकेगा?

----

## भवन का निर्माण

*6 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकरहना अनुमंडल के अतिरिक्त प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र कुंडवा चैनपुर, पचपकड़ी, लौखान, बगही भेलवा, अमवा डमार, चन्दनबारा तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र गहई, जटवलिया, सराठा, बसतपुर फुलवरिया, परसा के पास जमीन उपलब्ध होने के बावजूद भवन उपलब्ध नहीं है; जिस कारण चिकित्सक/कर्मी के साथ मरीजों को काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वर्णित अति. प्रा. स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

***7 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखण्ड के ग्राम+पो. – एम. कुआरी के सत्येन्द्र नारायण, पिता- स्व. बालदेव राय की मृत्यु दिनांक- 19.04.2021 को कोविड-19 के कारण डायमण्ड हॉस्पीटल, हाजीपुर में हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. सत्येन्द्र नारायण की मृत्यु के बाद घर में छोटे-छोटे बच्चे एवं पत्नी की आर्थिक स्थिति बहुत ही जर्जर हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि आवेदिका मृतक की पत्नी मोस्मात कलावती देवी द्वारा आवेदन सिविल सर्जन, सारण को मृत्यु प्रमाण पत्र, कोविड-19 से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं बैंक खाता की छाया प्रति के साथ पूर्व में ही दे दिया गया है, लेकिन अबतक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा यह निदेश दिया गया है कि कोविड-19 से मृतक के आश्रित परिवार को यथाशीघ्र मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व. सत्येन्द्र नारायण की पत्नी मोस्मात कलावती देवी को अनुग्रह मुआवजा राशि का भुगतान यथाशीघ्र करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित

***8 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा में कितनी रिक्तियां हैं और यह कबतक भरी जाएंगी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में पारामेडिकल स्टाफ की भयंकर कमी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त मेडिकल कॉलेज का अपना अत्याधुनिक एम्बुलेंस भी नहीं है, जिससे मरीजों को आने-जाने में दिक्कत होती है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना का निर्णय लिया गया है जो अभी तक लंबित है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## वयवस्था विकसित

*9 **सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

**उद्योग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना शुरू की गयी है, इस योजना के तहत नया उद्योग लगाने के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये की राशि दी जाएगी जिसमें से 5 लाख अनुदान के रूप में और बाकी 5 लाख ऋण के रूप में 1 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराई जाएगी;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्व में यह योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए चलायी जा रही थी, बहुत सारे युवाओं ने उद्यमिता की इस योजना का लाभ उठाया है; उनको उद्यम लगाने और उसे चलाने के क्रम में बहुत सारी कठिनाइयां आई होंगी और सरकार को भी इसका अनुभव प्राप्त हुआ होगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि जब से यह योजना शुरू की गयी है तब से कितने उद्यमियों ने इसका लाभ उठाया है, उनके द्वारा लगाये गये कितने उद्यम सफलतापूर्वक चल रहे हैं, इन उद्यमों की मॉनीटरिंग करने के लिए सरकार ने कोई व्यवस्था विकसित की है क्या और नहीं तो क्यों?

----

## सुविधा प्रदान

*10 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (P.H.C.) में लोक स्वास्थ्य के हित को दृष्टिपथ में रखते हुए वर्षों पूर्व टेली मेडिसिन (Telemedicine) की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था जो अभी तक कार्यरूप में नहीं आया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्तमान हालात में राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उक्त सुविधा को कार्यरूप में लाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सुधार की व्यवस्था

*11 **मो. फारूक (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले में डॉक्टर की कमी के कारण सदर अस्पताल, मातृ शिशु अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार नहीं हो पा रहा है; मरीजों को साधारण बीमारी होने पर भी डॉक्टर एवं चिकित्सा पदाधिकारी रेफर करते रहते हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शिवहर जिले के सभी अस्पतालों में डॉक्टरों का पदस्थापन एवं जिले के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी जो बेवजह मरीजों को रेफर करते रहते हैं, उसमें सुधार करने का विचार रखती है?

----

## कार्रवाई पर विचार

*12 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**उद्योग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में उद्योग स्थापित करने हेतु 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रस्ताव इथेनॉल के क्षेत्र में है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रदेश के 29 जिलों में विभिन्न प्रकार की इकाइयों के लिए प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि अबतक किन-किन जिलों के लिए किन क्षेत्रों में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उनके कार्यान्वयन की दिशा में क्या कार्रवाई की जा रही है तथा कबतक उक्त उद्योग राज्य में स्थापित कर दिया जाएगा?

----

## बिजली खरीदने का प्रयास

*13 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मालभाड़ा समानीकरण के साथ 'एक देश एक बिजली दर' की मांग करने के बावजूद बिहार राज्य को 4.12 रुपया प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदना पड़ता है जो राष्ट्रीय औसत 3.60 रुपया प्रति यूनिट से बहुत ज्यादा है;

(ख) क्या यह सही है कि अधिक दाम पर बिजली लेने के कारण राज्य को प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपया अधिक खर्च करना पड़ता है, जिस कारण अन्य विकास कार्य त्वरित गति प्राप्त नहीं कर पाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो संघीय एकरूपता के लिहाज से कोयला के समान दर की तरह समान दर के हिसाब से बिजली खरीदने का प्रयास क्या सरकार करेगी, यदि नहीं तो क्यों?

----

## ऊर्जा का उत्पादन

*14 **सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में ऊर्जा के गैर-पारम्परिक स्रोत बहुत महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं विशेषकर पर्यावरण की दृष्टि से बिहार में सौर ऊर्जा उत्पादन की बहुत संभावनाएं हैं, केंद्र सरकार ने भी सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वाकांक्षी योजना बनाई है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार सरकार ने सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है, इस लक्ष्य में सौर ऊर्जा के प्लांट से उत्पादन का लक्ष्य और आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों के छतों पर सौर ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य सम्मिलित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि राज्य में ऊर्जा के प्लांट्स में और परिसरों के छतों पर कितनी सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है और सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार की क्या योजना है?

----

## विद्युत पोल तार की वयवस्था

*15 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के रामकृष्णानगर फीडर से ग्राम कामताचक में उपभोक्ताओं के लिए विभाग द्वारा प्रोजेक्ट के तहत बिजली पोल एवं तार लगाने का निदेश दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गांव के कंज्यूमर संख्या 101813172 के पोल रूट में निवास करने वाले सुरेन्द्र सिंह आदि उपभोक्ताओं के घर तक पोल तार नहीं लगाया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि इस संबंध में कई बार उक्त गांव के निवासियों के द्वारा अनुरोध किया गया परन्तु प्रोजेक्ट के तहत काम करने वाले अधिकारियों की अनदेखी के कारण आज तक पोल तार नहीं लगाया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गांव में पोल तार लगवाने की कार्रवाई करना चाहती है?

----

## नलकूप चालू कबतक

***16 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मुख्य कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवरसा प्रखंड के भलुआहा, नरकटिया, दलकावा, जयनगर कोइबखा, भुतही, वसहिया, अररिया, बेताही एवं कन्हौली गांव तथा परिहार प्रखंड बबुड़वन, वाया, वहुअरवा, बराही, सिसौटिया, सहरगामा, सुतिहारा एवं सरदलपट्टी गांव में अवस्थित राजकीय नलकूपों को विद्युत संबंध दिया गया है, लेकिन ट्रान्सफारमर के जल जाने तथा पम्प सेट में यांत्रिक दोष के कारण उल्लिखित सभी गांव के राजकीय नलकूप बंद हैं, जिस कारण किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हां तो जले ट्रान्सफारमर को बदलकर तथा पम्प सेट के यांत्रिक दोष को दूर कर क्या सरकार नलकूपों को चालू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## रिक्तियों पर विचार

***17 सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय में स्थित राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय जिला का एकमात्र आयुर्वेदिक कॉलेज है, जिसकी स्थापना वर्ष 1949 में की

गयी थी और इस महाविद्यालय को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है;

(ख) क्या यह सही है कि विगत वर्षों से इस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं, जैसे 14 प्रोफेसर की जगह सिर्फ 2 प्रोफेसर हैं और 12 पद रिक्त हैं, 14 एसोसिएट प्रोफेसर में 5 पद रिक्त हैं, असिस्टेंट प्रोफेसर के 50 पद में 30 पद रिक्त हैं, इस आयुर्वेदिक महाविद्यालय में शिक्षक के कुल 78 पदों में 47 पद रिक्त हैं, ऐसी स्थिति में इस महाविद्यालय की मान्यता पर भी संकट उपस्थित हो सकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इतनी बड़ी रिक्तियों की भरती करने का विचार रखती है और कबतक, अगर नहीं तो क्यों नहीं?

----